# ट्यूबरकुलोसिस उपचार और नियंत्रण: आशा की भूमिका



समुदाय को ट्यूबरकुलोसिस रोकथाम और उपचार के बारे में जानकारी देना, जिसमें पोषक आहार का महत्व, व्यक्तिगत स्वच्छता, तथा तुरंत एवं पूरे उपचार की आवश्यकता शामिल है



गांव में डॉट्स प्रदाता के रूप में कार्य करना



उचित एवं पूरा उपचार लेने के लिए ट्यूबरकुलोसिस रोगियों को प्रेरित करना




रोगियों को स्वास्थ्य केंद्र से दवाईयाँ प्राप्त करने में मदद करना और किसी भी प्रकार के सह-प्रभावों से निपटना



रोगियों को, उपचार के दौरान पर्याप्त आराम करने और पोषक आहार लेने के लिए प्रोत्साहित करना



रोगियों और उनके परिवारों को परिवार में टी.बी. फैलने से रोकने के लिए बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में परामर्श देना




रोगी के परिवार के सदस्यों के स्वास्थ्य की निगरानी करना और टी.बी. के कोई लक्षण पाए जाने पर तुरंत रेफरल सुनिश्चित करना



यह सुनिश्चित करना कि सभी नवजात शिशुओं को समय पर टीका लगाया गया है



रोग से दोबारा ग्रस्त हुए रोगी द्वारा पूर्व में लिए गए किसी उपचार के बारे में स्वास्थ्य केंद्र को जानकारी देना



महिलाओं को, उपचार के दौरान गर्भनिरोधक उपाय अपनाने की आवश्यकता के बारे में परामर्श देना तथा उन्हें इस बारे में सलाह देना कि कौन से उपाय उपयुक्त होंगे